श्री बिरला ने संसद सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों हेतु चलाये जा रहे कोविड-19 जांच सुविधा केंद्र का दौरा किया और वैश्विक महामारी से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की।

संसद सदस्यों के संवैधानिक दायित्वों के सुचारू रूप से निर्वहन के लिए बजट सत्र, 2022 हेतु आवश्यक व्यवस्था की जा रही है : लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 11 जनवरी, 2022 : लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने देश में कोविड-19 के मामलों में हाल में तेजी से हुई वृद्धि को देखते हुए किए गए स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी उपायों और अन्य तैयारियों का जायजा लेने के लिए संसद भवन परिसर (पीएचसी) का निरीक्षण किया।

श्री बिरला ने संसद सदस्यों और लोक सभा एवं राज्य सभा सचिवालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए संसदीय सौध में स्थापित कोविड-19 जांच सुविधा केंद्र का दौरा किया और वहां की गई तैयारियों की समीक्षा की। संसदीय सौध में जांच और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए, श्री बिरला ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सदस्यों और अधिकारियों की किसी भी अपरिहार्य आवश्यकता को तत्काल पूरा किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को महामारी की रोकथाम के लिए सभी एहतियाती उपाय करने और कोरोना पॉजिटिव मामलों पर नज़र रखने का निर्देश दिया। चिकित्सा केंद्र में डॉक्टरों और अन्य कोरोना योद्धाओं से बात करते हुए, श्री बिरला ने वर्तमान में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और निर्देश दिया कि अन्य सभी आवश्यक संसाधन प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए जाएं।

इस अवसर पर, श्री बिरला ने यह भी कहा कि संसद सदस्यों के संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन को सुगम बनाने हेतु संसद के बजट सत्र, 2022 के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि साठ वर्ष से अधिक आयु के सांसदों का विशेष ध्यान रखें और उनकी आवश्यकताओं को सक्रिय रूप से पूरा करें।

श्री बिरला ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और वैश्विक महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी स्थानों पर सफाई और अन्य व्यवस्था सरकारी दिशानिर्देशों एवं मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार हो।

श्री बिरला ने निर्देश दिया कि संसद के ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की जाए, जो कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं।